### माधवनगर थाना से कुछ ही दूरी पर हुई बड़ी वारदात से पुलिसिया चौकसी एवं सुरक्षा के इंतजामों की खुली कलई

# पुलिस की मुस्तैदी पर भारी पड़ी बदमाशों की प्लानिंग
# 11 लाख सहित एटीएम मशीन ही उखाड़कर ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में पुलिस की चौकसी एवं मुस्तैदी कितनी बेहतर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अति व्यस्ततम क्षेत्र माधवनगर तिराहा स्थित एक एटीएम मशीन को ही बदमाश चोरी करके चंपत हो गए। दिलचस्प बात यह है कि माधवनगर तिराहा जहां अक्सर वाहनों की जांच एवं चालानी कार्यवाही के लिए पुलिस पूरे लाव लश्कर के साथ बड़ी संख्या में दिखाई देती है वहां हुई यह वारदात कई सवाल खड़े कर गई। पूरी एटीएम मशीन को उठाकर ले वाले बदमाशों ने पुलिस की किरकिरी कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इतनी बड़ी घटना वो भी थाने से कुछ ही दूरी पर अंजाम दिया और शहर कि सक्रिय पुलिस को भनक तक नहीं लगी। इस वारदात को देखकर तो यही लग रहा है कि बदमाशों की प्लानिंग पुलिस से कहीं बेहतर एवं कारगर है। शहर में जगह जगह सीसीटीवी से निगरानी हो रही, चौराहों तिराहों में 24 घंटे पुलिसिया पहरा रहता है और बदमाश चोरी करके आराम से फरार हो जाते हैं।

जानकारी के अनुसार माधव नगर तिराहा के पास बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम मशीन को उखाड़कर बदमाश लेकर फरार हो गए। यह वारदात शुक्रवार-शनिवार की देर रात लगभग 2:00 से 2:30 बजे के बीच हुई। बदमाश पहले एटीएम कक्ष में दाखिल हुए, भीतर लगे सीसीटीवी कैमरों पर काला स्प्रे मारकर रिकॉर्डिंग को बंद किया और फिर मशीन को पैनी ब्लेड से काटकर उखाड़ दिया। उसके बाद मशीन को पिकअप वाहन में लादकर मौके से भाग निकले। घटना के समय एटीएम पर कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं था। बैंक कर्मियों की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मशीन के भीतर लगभग 11 लाख रुपए मौजूद थे।

एटीएम मशीन के चोरी जाने की खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक






अभिनय विश्वकर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की गई है। बताया जाता है कि चोर जबलपुर की दिशा में भागते हुए कैमरे में दिखाई दिए हैं। एसपी विश्वकर्मा ने बताया कि मशीन में लगभग 10 से 11 लाख रुपए मौजूद थे। पुलिस की कई टीमें सक्रिय की गई हैं। दावा किया जा रहा है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

शनिवार की दोपहर जबलपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद कुमार वर्मा ने कटनी पहुंच कर घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को वारदात में शामिल बदमाशों की पतासाजी करते हुए उनकी गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

### धरे रह गए सुरक्षा के दावे

अपराधिक गतिविधियों को रोकने एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस रात्रिकालीन गश्त के दावे कर रही है, इन दावों में कितनी सच्चाई है वह तो वारदातें स्वयं बयां कर रही है। घर, दुकानों, मंदिरों एवं स्कूलों तक में बदमाश चोरी की वारदातें कर रहे हैं, दिन दहाड़े वाहन चोरी करके खिसक लेते हैं और पुलिस लकीर ही पीटती रह जाती है। मुख्य मार्ग पर एटीएम मशीन को उखाड़कर अपने साथ ले जाना अपने आप में पुलिस की सुरक्षा में बड़ी लापरवाही को दर्शा रही है।

घटना के बाद पुलिस ने क्षेत्र के CCTV फुटेज खंगाल रही है। तकनीकी टीम बैंक के अलार्म सिस्टम और लॉकर की सेफ्टी को जांच रही है। बैंक प्रबंधन मान रहा है कि ये काम लोकल गैंग का है या फिर प्रोफेशनल चोरों का, जांच जारी है। घटनास्थल से गैस कटर के निशान, वाहन के टायर के निशान और एक यूएसबी जैसी डिवाइस बरामद की गई है, जिसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

वारदात के बाद अब इस बात की जन चर्चा तेज है कि जब मुख्य मार्ग के व्यस्ततम क्षेत्र में ही सुरक्षा व चौकसी पुलिस नहीं कर पा रही तो दीगर क्षेत्रों की बात और है।

## खबर संक्षेप



### रजरवारा निवासी दिलीप सिंह सेना में बने लेफ्टिनेंट

**कटनी।** जिले की विजराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम रजरवारा नंबर 1 निवासी रामलखन सिंह के पुत्र दिलीप सिंह राठौर को भारतीय सेना में 6 दिसम्बर को लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिली है। उनकी इस उपलब्धि पर गांव सहित जिला के लिए भी गौरव की बात है। दिलीप सिंह राठौड़ वर्ष 2010 से सेना में ईएमई कोर में जेसीओ के रैंक में कार्यारत रहे। अधिकारी बनने के लिए तैयारी शुरू की। ड्यूटी के साथ पढाई भी जारी रखी और लेफ्टिनेंट बनने का अपना लक्ष्य पूरा किया। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता, पत्नी और भाई को दिया है जो हर एक पल साथ खड़े रहे।

### सिकमी, बटाईदार कृषक का सत्यापन के बाद ही स्लॉट बुक

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु पंजीकृत सिकमी, बटाईदार किसानों के पंजीयन के पुनः सत्यापन हेतु खाद्य, राजस्व एवं सहकारिता विभाग का संयुक्त जांच दल गठित किया है। कलेक्टर ने इस दल को 12 दिसंबर तक सत्यापन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह निर्देश शुक्रवार की देर शाम वीडियो कांफ्रेंसिंग से उपार्जन,एस आई आर, ई-केवाईसी और सीमांकन, बंटवारा व नामांतरण की समीक्षा के दौरान दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री तिवारी को जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि गठित सत्यापन दल द्वारा 12 दिसंबर तक सत्यापन का कार्य पूर्ण कर ई-उपार्जन पोर्टल पर कृषकों को सत्यापित कर लिया जायेगा। इसलिए अब सत्यापन उपरांत ही सिकमी, बटाईदार कृषकों के स्लॉट बुक किये जा सकेंगे। इसलिए सभी सिकमी, बटाईदार कृषकों से अपील की गई है कि 12 दिसंबर 2025 तक उपज लेकर उपार्जन केन्द्र पर नहीं आयें। इसके बाद ये सभी किसान भाई सुविधा जनक ढंग से उपज धान का विक्रय कर सकेंगे।

### विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर को

**कटनी।** ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था। उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर 2025 रविवार को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। ओलम्पियाड परीक्षा में कोई भी विद्यार्थी दोनों ही परीक्षा में भाग ले सकता है। इस परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र विद्यार्थियों के रोल नम्बर, परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी मप्र राज्य ओपन स्कूल द्वारा अलग से भेजी जा रही है। विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर के पूर्व घोषित कर दिया जाएगा। इस परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी संभाग स्तरीय ओलम्पियाड 21 दिसम्बर दिन रविवार को भाग ले सकेंगे।

### नवोदय विद्यालय में छात्र सम्मेलन आज

**कटनी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में 7 दिसंबर को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के पुराने छात्रों को पुनः एक मंच पर लाना और वर्तमान छात्रों के साथ उनके अनुभव साझा करना है। विद्यालय के प्राचार्य प्रेम प्रकाश ने बताया कि इस समारोह में विद्यालय के भूतपूर्व छात्र भाग लेंगे। कार्यक्रम में संवाद सत्र के माध्यम से विभिन्न सेवा क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व छात्र-छात्राएं वर्तमान विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। पूर्व छात्र अपनी सफलता का संघर्ष वर्तमान छात्रों के साथ साझा करेंगे।

### पुलिस ने किया मौका मुआयना, चोरों को पकड़ने हो रहे प्रयास

## यहां भी नजरें.. जिला अस्पताल क्षेत्र में भी चोरो ने लाखों के जेवरात व नकदी चुराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



चोरों को शहरी क्षेत्र की आबोहवा रास आ गई है और यह शायद इसलिए भी मुफीद है क्योंकि यहां बदमाशों को पकड़े जाने का उतना डर नहीं सताता। फुर्सत से चोरी करो और आराम से निकल जाओ। जब तक हो हल्ला होगा तब तक सुरक्षित ठिकाने तक पहुंच जाएंगे। माधवनगर तिराहा क्षेत्र में एटीएम मशीन सहित लाखों रूपए चोरी की वारदात के बाद चोरो ने जिला अस्पताल में भी हाथ साफ किया।

जिला अस्पताल के कर्मचारियों की आवासीय कॉलोनी से चोरों ने करीब पाँच लाख के सोने-चांदी के जेवर और नगदी पार कर दिया। हालांकि जानकारी लगते ही पुलिस फौरन मौके पर पहुंची, जांच पड़ताल की और फिर वही.... जल्द पकड़े लेंगे। जानकारी के अनुसार स्टाफ नर्स कल्पना सेन सुबह 9 बजे ड्यूटी के लिए अस्पताल गई थीं। दोपहर जब वे घर लौटीं तो अलमारी टूटी पड़ी थी और उसमें रखे 10 हजार नगद के साथ सोने के नाक-कान के जोड़े, मंगलसूत्र और चांदी का कमरबंद गायब था। पूरी वारदात अस्पताल परिसर की व्यस्त सड़क से चंद कदम की दूरी पर अंजाम दी गई जहाँ दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे दल-बल के साथ मौके पर पहुँचीं और कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किया। पुलिस ने आसपास की गतिविधियों को खंगालते हुए संदिग्धों की तलाश तेज कर दी है।

### वारदातों से दहशत

चोरी व लूट की बढ़ती वारदातों से लोगों में थोड़ी दहशत तो बनी हुई है कि कहीं अगला नंबर हमारा न आए लेकिन इस बात का दृढ़ भरोसा भी है कि पुलिस बदमाशों को कभी न कभी गिरफ्तार तो जरूर कर ही लेगी... बस जल्दबाजी न हो।

### सिहोरा को जिला घोषित कराने समिति ने मांगा समर्थन



सिहोरा को जिला घोषित कराने की मुहिम अब ग्रामीण अंचलों में भी तेज होने लगी है। शनिवार को संयुक्त अभियान समिति के प्रकाश पांडेय,राजेन्द्र गर्ग, राकेश पाठक समिति सदस्यों के साथ उमरियापान सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँचे और लोगों से इस आंदोलन के लिए व्यापक समर्थन मांगा। उन्होंने ग्रामीणों के बीच जाकर सिहोरा को जिला बनाए जाने के महत्व को समझाते हुए बताया कि जिले का दर्जा मिलने से क्षेत्र का प्रशासनिक विस्तार बढ़ेगा, विकास कार्यों की गति में तेजी आएगी। शासकीय सुविधाओं की उपलब्धता में सुधार होगा। ग्रामीणों ने भी वर्तमान व्यवस्थाओं के कारण आने वाली कठिनाइयों को साझा करते हुए जिला गठन की मांग को आवश्यक बताया। अभियान समिति के सदस्यों ने बताया कि 9 दिसंबर को सिहोरा में प्रस्तावित आमरण अनशन इस मांग को व्यापक और मजबूत स्वर देने वाला महत्वपूर्ण कदम होगा। इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाने की अपील भी की।

## भक्तों के कष्ट हरने अवतरित होते हैं भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विश्व कल्याण की कामना को लेकर उत्तमपुर टिकुरी स्थित हरिदास महाराज मंदिर में चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा के चतुर्थ दिवस शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा व्यास पंडित दिलीप पौराणिक ने कथा का रसपान कराया। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी झलक पाने श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाच उठे।

कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी। वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं।सायकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया।

### कुठला थाना क्षेत्र में अगस्त माह में हुई थी लूट की वारदात

## ठेकेदार को लूटने वाले चार बदमाशों को किया गिरफ्तार, सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया के निर्देश पर कुठला थाना पुलिस ने हाईवे पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई 05 दिसंबर को की गई।

पुलिस के अनुसार सूचनकर्ता हरिनारायण शर्मा 54 वर्ष, जो ठेकेदारी का कार्य करते हैं, ने 1 सितंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 31 अगस्त को वे अनुपपूर से कार से अकेले जा रहे थे। मील फैक्ट्री के सामने उन्होंने वाहन रोका, तभी तीन युवक पीछे से आए और लिफ्ट मांगने लगे। लिफ्ट न देने पर युवकों ने गाली-गलौज करते हुए चाकू दिखाया और उनका वन प्लस कंपनी का मोबाइल, सोने की अंगूठी और ₹8,000/- नकद लूटकर फरार हो गए।पुलिस की कार्रवाईपारंपरिक एवं तकनीकी दोनों प्रकार की जांच के बाद पुलिस ने इस वारदात में शामिल चार आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में अमर चौधरी पिता गुड्डा चौधरी (21 वर्ष), मोहनलाल चौधरी पिता मुल्ली चौधरी (32 वर्ष), संजय उर्फ कामता चौधरी पिता ज्ञानी चौधरी (23 वर्ष) और धर्मेन्द्र चौधरी (21 वर्ष) शामिल है। सभी आरोपी सुगरहा थाना क्षेत्र, शाहनगर जिला पन्ना के निवासी हैं।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने लूट की वारदात स्वीकार करते हुए बताया कि सोने की अंगूठी को उन्होंने गुदरी निवासी बृजेश सोनी को ₹38,000 में बेचा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से निम्न सामग्री बरामद की—लूटा गया वन प्लस मोबाइल, चेन, टाइटन कंपनी की घड़ी, ₹3,700 नकद, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल जब्त किया है।

### खरीदार की तलाश जारी

पुलिस अब इस मामले में अंगूठी खरीदने वाले बृजेश सोनी (निवासी गुदरी) की तलाश में जुटी है।कुठला पुलिस की इस कार्रवाई से हाइवे पर लूट की वारदातों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

### कलेक्टर व एसपी की मौजूदगी में मनाया गया होमगार्ड स्थापना दिवस

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रमाण पत्र से किया सम्मानित, आपदा प्रदर्शनी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



होमगार्ड कार्यालय झिंझरी में कलेक्टर एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा आशीष तिवारी के मुख्यातिथ्य और एसपी अभिनव विश्वकर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में 79 वॉ होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में लेफ्टीनेंट कर्नल श्री दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया भी उपस्थित रहे। परेड कमाण्डर विजयांश चौधरी द्वारा सलामी दी।

होमगार्ड जवानों के प्रतिभावान बच्चों सैनिक रोशन सिंह के पुत्र विनायक प्रताप सिंह 10 वीं कक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के फलस्वरूप 5 हजार रुपए तथा सैनिक हरिहर दुबे की पुत्री शालिनी दुबे को बीसीए परीक्षा में 79 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के फलस्वरूप 10 हजार रूपये का चैक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

आपदा प्रबंधन के दौरान अपनी जान को जोखिम में डालकर रेस्क्यू कार्य सम्पादित करने वाले कर्मचारियों तथा जवानों को प्लाटून कमाण्डर विजयांश चौधरी, हवलदार अनुदेशक ममता गोंड़, सैनिक विवेक विश्वकर्मा, भरत मिश्रा, ज्ञानेन्द्र सिंह, उमेश मिश्रा, प्रेमलाल यादव, रोशन सिंह, धनेन्द्र त्रिपाठी, को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इसके अलावा परेड में शामिल टुकड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा आपदा प्रबंधन प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया । तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन श्री बघेल डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड कटनी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया ।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त रस्साकसी, अंताक्षरी एवं कुर्सी दौड़ इत्यादि खेलों का भी आयोजन किया गया ।जिसमें रस्साकसी खेल में सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की टीम ए विजेता एवं कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान सुश्री के. नव्या राव, हायर सेकेण्ड्री बार्डस्ले कटनी की छात्रा, द्वितीय स्थान सुश्री सरस्वती यादव, शासकीय कन्या महाविद्यालय, तृतीय स्थान सुश्री खुशी यादव, हायर से नेण्ड्री स्कूल बार्डस्ले तथा कुर्सी दौड़ महिला होमगार्ड में प्रथम स्थान पर हवलदार अनुदेशक ममता गोंड़, द्वितीय स्थान पर साधना दुबे एवं अंताक्षरी टीम ए विजेता शासकीय कन्या महाविगलय कटनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सुश्री दुर्गा सेठिया द्वारा नृत्य एवं संगीत गायन में सुश्री कृति राठिया द्वारा तथा मानव जीवन विकास समिति के सदस्यों बिहारी लाल यादव व अन्य के द्वारा संगीत की प्रस्तुति की गई।

सभी सहभागियों को प्रतीक चिह्न एवं प्रमाण पत्र डिसट्रिक्ट कमाण्डेंट श्री बघेल, रिचा दुबे , डॉ. श्रद्धा वर्मा , श्रीमती रीना मिश्रा द्वारा सभी टीमों को पुरस्कार वितरण किया गया।, मंच का संचालन निधि चतुर्वेदी, शासकीय माध्यमिक शाला, राबर्टलाइन, माधवनगर द्वारा किया गया।

### विद्यालय में बच्चों को वितरित की गई साइकल

**कटनी।** विजयराघवगढ़ के पीएमश्री शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय खलवारा बाजार कैमोर में शनिवार को नगर परिषद कैमोर की अध्यक्ष श्रीमती पलक नमित ग्रोवर कि उपस्थिति में साइकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष संतोष केवट, वार्ड पार्षद श्रीमती ऋचा मनीष नवैत भी उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यालय की स्मार्ट क्लास और आई सी टी लैब का अवलोकन किया एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### 19 केन्द्रों में होगी नवोदय विद्यालय मे प्रवेश परीक्षा

**कटनी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा, के प्राचार्य श्री प्रेम प्रकाश ने बताया कि 2026-27 के लिये कक्षा छटवीं में प्रवेश लेने हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के लिये नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रवेश पत्र ऑनलाईन जारी कर दिये गये हैं। विद्यालय की वेबसाईट https://cbseitms.reil.gov.in/nvs/AdminCard/AdminCard पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिये विद्यार्थी का पंजीयन संख्या एवं जन्मतिथि की आवश्यकता होगी। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या हो' रही हो वह कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बी०आर०सी० व जन शिक्षकों के माध्यम से अथवा कार्यालय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के कार्यालय या जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा प्रभारी श्री उमेश चन्द्र वर्मा, पीजीटी-भूगोल से कार्यालयीन समय में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र पर अंकित केन्द्र पर 13 दिसम्बर दिन शनिवार सुबह 10:30 बजे उपस्थित होना है। विस्तृत जानकारी प्रवेश पत्र पर अंकित है। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कटनी के कुल 7055 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं कटनी जिले के विभिन्न विकासखण्डों रीठी, कटनी, बड़वारा, विजयराघवगढ़, बहोरीबन्द एवं ढीमरखेड़ा के 19 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

### भारतीय खान ब्यूरो के अधिकारियों ने खदानों का निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में गत दिवस खनिज अमले द्वारा विजयराघवगढ़ तहसील स्थित चूना पत्थर की खदानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में भारतीय ख़ान ब्यूरो जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारी भी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल द्वारा जमुवानी कला,अमेहता,हर्रिया और बड़ारी ग्राम में स्थित चूना पत्थर की लेप्स हो चुकी बंद खदानों और माइन क्लोजर प्लान का वेरिफिकेशन किया गया। इसके अलावा संचालित खनिज लीजों में व्यवस्थित खनिज उत्पादन और खनिज रॉयल्टी समय- सीमा में भुगतान करने हेतु समझाइश दी गई। इसके अलावा खदान क्षेत्रों में बरसात के बाद जमा पानी के पुख्ता इंतजाम करने हेतु निर्देशित किया गया। जांच दल में ख़ान ब्यूरो से उप ख़ान नियंत्रक डी आर गुर्जर, श्रेयस एवं उपसंचालक खनिज आर के दीक्षित उपस्थित रहे।

### किसान 15 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे कोदो-कुटकी

**कटनी।** रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजनांतर्गत समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी खरीदी के लिये जिले के बड़वारा विकासखंड के लिये ग्राम मझगवां में उपार्जन केन्द्र बनाया गया है। इस केन्द्र में कोदो-कुटकी की खरीदी शुरू हो चुकी है। यह खरीदी 15 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस उपार्जन केन्द्र का संचालन संगम वी. डी. कृषक उत्पादक संगठन द्वारा किया जा रह है। शुक्रवार को ग्राम उरदानी के किसान बसंता साहू ने 3 क्विंटल कोदो की बिक्री किया। इस दौरान उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास डॉ. आर एन पटेल, पर्यावरणविद् एवं सचिव मानव जीवन विकास समिति निर्भय सिंह और कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने भी पहुंचकर उपार्जन केन्द्र का जायजा लिया। श्रीअन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्रीअन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया किया जा रहा है। खरीफ- 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन की राशि प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में राज्य शासन द्वारा 1000 रुपये प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किये जायेंगे।

### बाकल के समर्थ ट्रेडर्स में भंडारित 1500 क्विंटल धान की निकासी पर रोक

# वेयरहाउस में मिली 2 हजार क्विंटल अवैध धान, ढ़ाई लाख रुपए का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले से ही कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर दलालों, व्यापारियों व बिचौलियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्ती बरतते हुए तैयार पुख्ता सुनियोजित रणनीति और कारगर सूचना व सुदृढ़ निगरानी तंत्र की बदौलत संयुक्त जांच दल द्वारा निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। इस दल ने विजयराघवगढ़ के ग्राम कांटी स्थित मारूति वेयरहाउस के खुले परिसर एवं समीप में स्थापित छोटे गोदाम से 5 हजार 70 बोरियों में 2 हजार 28 क्विंटल अवैध धान पर मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत करीब ढ़ाई लाख रुपए का जुर्माना किया गया है।राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग एवं कृषि उपज मंडी की संयुक्त टीम द्वारा मारूति वेयरहाउस का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम मे 2 हजार 28 क्विंटल धान भण्डारित पाई गई।जिसका मौका पंचनामा कर अभिकथन लिया गया।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के समस्त वेयरहाउस संचालकों को उपजों के भंडारण संबधी आवश्यक अभिलेख जैसे- बी-1 खसरा, गिरदावरी, आधारकार्ड एवं सिकमी पटट्टा की एक प्रति प्रशासन द्वारा मांग करने पर उपलब्ध कराने की अनिवार्यता से सभी भंडारणकर्ताओं को निर्देशित किया गया था। लेकिन मारूति वेयरहाउस कांटी के निरीक्षण मे वेयरहाउस संचालक ग्राम बरखेड़ा बडवारा निवासी कमल साहू ,कृषको के वांछित अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नही कर सके । कृषको के पंजीयन की छायाप्रति ही मौके पर प्रदाय की गई, विवेचना किये जाने पर कृषको के वांछित अभिलेख न होने एवं वेयरहाउस मे खरीदी तारीख के पूर्व से ही धान के भंडारण होने से म०प्र० कृषि गोदाम अधिनियम 1947, भण्डागारपाल,भण्डागारण (विकास और विनियम) अधिनियम 2007 के अन्तर्गत कृषि उपज की पहचान बनाये रखना अनिवार्य होता है।इन नियमों के उल्लंघन के कारण कृषकों के नाम से भण्डारित 2 हजार 28क्विंटल धान का अवैध भण्डारण होना प्रमाणित पाया गया है।

कृषि उपज के कृषको के नाम से भण्डारित जिंस धान के अवैध भण्डारण पर म०प्र० कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 की धारा 19 (4) के तहत मात्रा 5 हजार 70 बोरी धान जो प्रति बोरी 40 किलोग्राम की भर्ती में पाई गई। इन सभी बोरियों के धान के वास्तविक वजन-2 हजार 28 क्विंटल पर 2 लाख 49 हजार 444 रूपए का जुर्माना लगाया गया है। जिसमें अधिरोपित दाण्डिक राशि दर 2 हजार 50 रूपए प्रति क्विंटल के मान से कीमत 41 लाख 57 हजार 400 रूपए पर देय दाण्डिक मण्डी शुल्क 2 लाख 7 हजार 870 रूपए एवं दाण्डिक निराश्रित सहायता राशि 41 हजार 574 रूपए को मिला कर कुल 2 लाख 49 हजार 444 रूपए की राशि 7 दिवस मे मण्डी कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए।अन्यथा की स्थिति मे भू-राजस्व की भांति वसूली की कार्यवाही की जायेगी,जिसकी जवाबदारी वेयरहाउस की होगी।

बाकल स्थित समर्थ ट्रेडर्स के गोदाम का निरीक्षण संयुक्त जाँच दल द्वारा किया गया। मौके पर गोदाम के भीतर करीब 1500 क्विंटल धान का भण्डारण पाया गया। गोदाम प्रोप्राइटर शैलेन्द्र जैन को निर्देशित किया गया कलेक्टर श्री तिवारी ने व्यापारियों द्वारा क्रय कर भंडारित धान की निकासी पर 20 जनवरी तक प्रतिबंध लगाया है। निरीक्षण दल में नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला और मंडी निरीक्षक प्रशांत मौर्य व सुधीर त्रिपाठी मौजूद रहे।

## गोदामों के निरीक्षण और स्टॉक की डिजिटल ट्रैकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अनाज गोदामों की निगरानी को आधुनिक, सटीक और पूर्णतः पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य शासन ने एक बड़ा कदम उठाते हुए तीन महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप- निरीक्षण ऐप, नमी मापक ऐप और फ्यूमिगेशन ऐप लॉन्च किया है। इन ऐप्स के माध्यम से खाद्यान्न भंडारण प्रणाली में तकनीक आधारित मॉनिटरिंग लागू होगी। इससे गड़बड़ियों पर स्वतः अंकुश लगेगा और नागरिकों को बेहतर गुणवत्ता का अनाज उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। अब निरीक्षण से नमी मापन और फ्यूमिगेशन तक की डिजिटल ट्रैकिंग होगी। इससे गड़बड़ी पर रोक लगेगी और जनता को बेहतर गुणवत्ता का खाद्यान्न उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित होगा।

**निरीक्षण ऐपः** इस ऐप से रियल-टाइम निगरानी होगी। यह ऐप गोदामों के भौतिक निरीक्षण को पूरी तरह रियल-टाइम और लोकेशन-बेस्ड बना देगा। निरीक्षण का रोस्टर भोपाल मुख्यालय से तैयार होगा। इसके अलावा एक ब्रांच के गोदाम का निरीक्षण दूसरी ब्रांच के प्रबंधक द्वारा किया जाएगा, जिससे क्रॉस वेरिफिकेशन सुनिश्चित होगा। अधिकारी को गोदाम पर फिजिकली मौजूद रहने पर ही निरीक्षण भरने और फोटो अपलोड करने की अनुमति होगी। यदि निरीक्षक 100 मीटर से अधिक दूरी पर है, तो ऐप निरीक्षण स्वीकार ही नहीं करेगा। सभी जानकारी रियल-टाइम पोर्टल पर दर्ज होगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

**नमी मापक ऐपः** डिजिटल मॉइस्चर मीटर से हर माह सटीक रिपोर्टिंग होगी। अब तक नमी मापन की प्रक्रिया मैनुअल थी, लेकिन नए ऐप से यह पूर्णतः डिजिटल और सटीक हो जाएगी। डिजिटल मॉइस्चर मीटर से स्टैक की ऊपरी, मध्य और निचली परत की नमी मापी जाएगी। मापन के बाद ऐप से निकली डिजिटल पर्ची का फोटो अपलोड करना अनिवार्य होगा। हर गोदाम की नमी रिपोर्ट प्रतिमाह रियल-टाइम उपलब्ध होगी। जिला प्रबंधक अब सीधे भारतीय खाद्य निगम को नमी के डेटा भेज सकेंगे। यह सुधार भंडारित अनाज की गुणवत्ता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**फ्यूमिगेशन ऐपः** दवा छिड़काव की पूरी प्रक्रिया अब डिजिटल रिकॉर्ड में रहेगी। फ्यूमिगेशन प्रक्रिया अब कागज रहित होकर डिजिटल रूप से रिकॉर्ड होगी। दवाओं का छिड़काव ब्रांच मैनेजर द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की मौजूदगी में होगा।

*विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण एवं जैविक खेती का दिया प्रशिक्षण*

## जैविक खेती की आवश्यकता एवं रसायन से होने वाले दुष्प्रभावों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



शासकीय आर. के. गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरवारी विकासखंड ढीमरखेड़ा में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को जैविक खेती एवं मिट्टी परीक्षण का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्य संघ रत्न भिलावे के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को जैविक खेती की आवश्यकता, महत्व तथा मानव स्वास्थ्य, मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण पर रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।

विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने बताया कि देसी गाय के सिर्फ एक ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ तक सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं, जबकि गोमूत्र में लगभग 33 आवश्यक तत्व मौजूद होते हैं। रासायनिक उर्वरकों में जहाँ केवल 2–3 तत्व होते हैं, वहीं जैविक खादों में पौधों के लिए आवश्यक सभी 17 पोषक तत्व उपलब्ध रहते हैं। विद्यार्थियों को जीरो बजट फार्मिंग और प्राकृतिक खेती की तकनीकों की जानकारी भी दी गई। इसके साथ मिट्टी परीक्षण की वैज्ञानिक विधि समझाते हुए बताया गया कि गर्मी में गेहूँ कटाई के बाद प्रति हेक्टेयर 10–15 स्थानों से मिट्टी एकत्र कर लगभग 500 ग्राम मिश्रित नमूना निर्धारित प्रक्रिया अनुसार प्रयोगशाला भेजना चाहिए।

परीक्षण परिणाम पत्रक में दिए गए सुझावों के आधार पर फसलों को संतुलित खाद देने की सलाह दी गई। मिट्टी परीक्षण से मिट्टी का पीएच मान, जैविक कार्बन, विद्युत चालकता, अम्लता-क्षारीयता, नाइट्रोजन, फास्फोरस तथा पोटाश की उपलब्धता का पता लगता है, जो फसल उत्पादन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। व्यावसायिक शिक्षक महेंद्र दोहरे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और भविष्य में स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया।

## जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण के लिए '100 दिवसीय विशेष अभियान' के अंतर्गत जिले में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कलेक्टर श्री तिवारी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के गांव-गांव पहुंचेगा और लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देगा। इस पहल का उद्देश्य है कि बाल विवाह पर पूरी तरह रोक लगे और सभी बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो। इस अवसर पर वनश्री कुर्वेती सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग,ज्योति लिल्हारे डिप्टी कलेक्टर, सतीश पटेल, परियोजना अधिकारी, बहोरीबंद एवं अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चंडी मेला में लोगों की उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



समीपस्थ ग्राम पंचायत खरखरी नम्बर 2 में पांच दिवसीय चंडी मेला का आगाज शुक्रवार से हो गया जो 10 दिसंबर तक चलेगा।गौरतलब है कि इन दिनों ग्रामीण अंचलों मैं चंड़ी मेला लगने का सिलसिला जोरशोर चल रहा है।क्योंकि ग्रामो में चंडी मेले भरने की पुरानी परंपरा है।

खरखरी चंडी मेले की खास बात यह है कि यहां के मेले का आयोजन मशहूर है। जिनमें शिरकत करने क्षेत्र के लोगों का सैलाब उमड़ पड़ता है।शुक्रवार को ग्राम खरखरी न. 2 में चंडी मेले मै यादव समाज के लोग ढोल नगाड़े के साथ नृत्य कर सबका मन मोहा लिया।जहां चंडी देवी की पूजा कर ढोल मंजीरे की धुन के साथ अहीर समाज ने जयकारे लगाए। परंपरागत वेशभूषा में ढोल की धुन पर झूमते अहीरों को देखने लोगों का तांता लगा रहा। इसके अलावा मेले में आने वाले लोग झूला झूलने के लिए उमड़ पड़े। यहां भी झूले के इर्द गिर्द लोगों का हुजूम लगा रहा। झूले को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। वही बड़े झूले के पास युवक, युवतियों की भीड़ लगी रही। गुड़ की मिठाइयां, सिंघाडे, गुब्बारे, गन्ने की मड़ई में अधिक बिक्री हुई।अहीर टोलियो का दीवारी नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र -चंडी मेले मैं दुकानदारों को कोई परेशानी न हो इसके लिए पंचायत द्वारा इंतजाम किए गए। व्यापारी अपनी दुकाने लेकर सुबह 11 बजे से मेला स्थल पहुंच गए। दोपहर बाद मेले में लोगों का आना प्रारंभ हो गया। शाम होते ही अहीरो की टोली चंडी माता मंदिर पहुंची जहाँ चंडी माता की पूजा - अर्चना कर गाँव खुशहाली की कामना की। इसके बाद चंडी मेला का आगाज हुआ। अहीरो की टोलियो ने दीवारी नृत्य की प्रस्तुतियाँ देकर लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद अहीरो की टोली ने चंडी मेला का भ्रमण किया। अहीरो के दीवारी नृत्य व लोगों की चहल पहल ने मेले में चार चांद लगा दिया।

*सुव्यवस्थित स्थल निर्माण के लिए नहीं हो रहे कोई प्रयास*

## सड़क पर लग रहे साप्ताहिक बाजार से आवागमन हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



हाट बाजार न होने से स्लीमनाबाद में शुक्रवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार मार्ग पर लगता है जिससे आवागमन प्रभावित होता है।साथ ही कई बार मार्ग पर बाजार लगने के चलते वाहनों से घटनाएं भी घटित हो गई है। स्लीमनाबाद को शहर की तरह सुविधाएं देने के लिए सपने तो दिखाए जा रहे है।जिसमे ग्राम पंचायत के द्वारा पानी का बिल, मकान के टैक्स वसूल तो किये जाने लगा, लेकिन आज भी समुचित विकास नही हो सका।

स्थानीय स्तर पर-साप्ताहिक हाट बाजार इन ग्रामीण लोगों की जरूरतें पूरा करने के लिए एक विकल्प बना हुआ है। इससे जहां लोगों को 70 फीसदी से अधिक दैनिक जीवनचर्या का सामान घर बैठे मिल जाता है।वहीं बाजार में फुटपाथ पर अपनी आजीविका के लिए पहुंचने वाले छोटे दुकानदारों को रोजगार भी उपलब्ध हो जाता है।कौड़िया का साप्ताहिक बाजार हो रहा सफल-तहसील की ग्राम पंचायत कौड़िया मैं गुरुवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगता है।हाट बाजार मे आसपास काफी दुकानदार स्वतः पहुंच जाते हैं। बाजार में हर तरह के सामान की उपलब्धता के कारण कौड़िया, धनवाही, धूरी, बंधी, भरदा व बड़खेड़ा तक के लोग यहां खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। हालांकि इस बाजार में जगह की कमी है। इसी तरह बहोरीबंद में बुधवार को सप्ताह के एक दिन बाजार हाट बाजार स्थल पर भरता है। इन क्षेत्रों के ग्रामीण बेहद जरूरी होने पर ही जिला मुख्यालय पहुंचते हैं।

गौरतलब है कि स्लीमनाबाद कहने को तो तहसील है लेकिन अभी भी यहां मूलभूत सुविधाओं की दरकार बनी हुई है। स्लीमनाबाद ग्राम पंचायत में अभी बस स्टैंड, यात्री प्रतीक्षालय की दरकार तो है ही साथ सबसे बड़ी दरकार हाट बाजार की है जिससे लोगों को किसी तरह की परेशानियां न उठानी पड़े।

### इनका कहना है

जनपद सीईओ अभिषेक कुमार का कहना है कि स्लीमनाबाद में साप्ताहिक हाट बाजार के लिए क्षेत्रवासियों से चर्चा की जाएगी। ग्राम पंचायत के वार्डों के प्रतिनिधियों से भी मशविरा लिया जाएगा। बाजार की शुरुआत के साथ सुविधाओं के लिए प्रयास किया जाएगा।

### कृषि विज्ञान केंद्र कटनी द्वारा मनाया गया विश्व मृदा दिवस

## किसानों को मिट्टी के महत्व और स्वास्थ्य की दी गयी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कृषि विज्ञान केंद्र कटनी एवं मानव जीवन विकास समिति, बिजोरी बड़वारा के संयुक्त तत्वाधान में 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बिजोरी (बड़वारा ) में किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन ,जिला कटनी के उप संचालक कृषि डॉ आर एन पटेल , मानव जीवन विकास समिति के संरक्षक राजाजी ,प्रभारी निर्भय सिंह एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ यतिराज खरे डॉ आर.पी बैन, उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिले के 124 महिला एवं पुरुष किसानो एवं 15 विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया विश्व मृदा दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संजय वैशंपायन ने किसानों को मिट्टी के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।उन्होंने बताया कि मिट्टी एक बुनियादी संसाधन है और मानव कल्याण के लिए अहम है, लेकिन लापरवाही के कारण इसकी गुणवत्ता और पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो रहा है।वही फसल उत्पादन में 18 आवश्यक पोषक तत्वों का जिक्र किया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी देखी जा रही है। इस कमी को पूरा करने और कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के लिए मृदा परीक्षण (मिट्टी जांच) एक अनिवार्य प्रक्रिया है। उन्होंने फलदार पौधों और सब्जियों में उचित समय पर पोषक तत्वों की पूर्ति कर उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने पर भी जोर दिया।इस दौरान केंद्र वैज्ञानिक ने मृदा स्वास्थ्य के लिए पशुपालन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पशुपालन न केवल मिट्टी में पोषक तत्वों की पूर्ति करता है, बल्कि इसके पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत करता है। मिट्टी में सूक्ष्म जीवाणुओं की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की और इसकी उर्वरता बनाए रखने के लिए गौ आधारित प्राकृतिक खेती और पशुपालन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम में पोषण वाटिका में कार्बनिक खादों के प्रयोग की विधि समझाई। वही मृदा नमूना लेने की तकनीकी जानकारी दी।

इस दौरान किसानों को विभिन्न गौ आधारित उत्पाद बनाने की विधियों और उनके लाभों से अवगत कराया। मृदा क्षरण रोकने, मेड़बंदी और फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाने के फायदों पर बात की।केंद्र के वैज्ञानिक ने किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेष जलाने से बचें, जैविक पदार्थों को खेत में वापस लौटाएँ और हर वर्ष मृदा परीक्षण अवश्य करवाएँ।

कार्यक्रम में आए किसानों ने मृदा परीक्षण, जैविक खेती, माइक्रो-न्यूट्रिएंट प्रबंधन और उर्वरकों की प्रभावी मात्रा के बारे में प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कई किसानों ने यह भी बताया कि कें मृदा परीक्षण एवं केवीके से उन्हें समय-समय पर मिलने वाली तकनीकी जानकारी से उनकी फसल उत्पादन क्षमता में सुधार हुआ है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, तकनीकी पुस्तिकाएं एवं कृषि परामर्श सामग्री वितरित की गई।



## नर्मदा ठाकरे को राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आशा उषा महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नर्मदा ठाकरे जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। राजधानी दिल्ली में देश के समस्त राज्यों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आशा उषा के संगठन से प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुईं। बैठक के दौरान देश के कई राज्यों से उपस्थित आशा उषा संगठन की पदाधिकारियों के द्वारा निर्णय लेकर सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी श्रीमति नर्मदा ठाकरे को दी गई। राष्ट्रीय स्तर के संगठन का गठन एवं अन्य पदों पर भी जिम्मेदारी का दायित्व भी सौंपा गया है। बैठक में 16 दिसंबर को जंतर-मंतर दिल्ली पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है क्योंकि वर्तमान समय में शीतकालीन संसद सत्र चल रहा है जिसमें बहनों की मांगे सम्मानजनक मानदेय फिक्स करने नियमितीकरण करण सहित विभिन्न मांगों को केन्द्र सरकार के समक्ष रखना अति आवश्यक है। नर्मदा ठाकरे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर देश की सभी आशा उषा कार्यकर्ताओं व संगठन की पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## खबर संक्षेप

### गुनौर रोड की जर्जर हालत

**अमानगंज**-पन्ना जिले के अमानगंज थाना तेराहे के पास आज शुक्रवार शाम 4 बजे एक हादसा हुआ, जहाँ चलती मोटर बाइक से गिरने पर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान अनीशा (30 वर्ष), निवासी पवई के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से महिला को तुरंत अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया। हम आपको बता दें कि कई वर्षों से अमानगंज गुनौर मुख्य सड़क की सड़क पूरी तरह से झज्जर पड़ी है जिससे यह हादसा नगर में आए दिन होते हैं।

### उपजेल पवई में एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पवई।** उपजेल पवई में शनिवार, दिनांक 06 दिसंबर 2025 को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैदियों को एचआईवी/एड्स के लक्षण, बचाव, उपचार तथा इससे जुड़े सामाजिक मिथकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र से 'डॉ. अंकित पांडेय, आईसीटीसी से ''आनंद विजय सिंह, तथा टीबी विभाग से ''नवीन रॉय' और 'राम सजीवन' उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने कैदियों को समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार और उपचार की उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपजेल पवई के सभी कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा। जेल प्रशासन ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि कैदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके। यह पहल स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

वन्यजीव अधिनियम की धाराओं के तहत की कार्रवाई

# सागौन की सिल्लियों से भरी स्कार्पियो सहित दो आरोपियों को पकड़ा





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा**

तीन जिले की सीमा में फैले हुए 26 बाघों सहित अन्य जंगली जानवरों से आबाद वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में ठंडी का फायदा उठाते हुए नजर आ रहे हैं और हरे भरे जंगल में वन माफिया सक्रिय हो चुके हैं। और रात के अंधेरे में पेड़ों की कटाई करना शुरू कर दिया है। लेकिन वन विभाग की निगरानी से माफियाओं को बचना भी मुश्किल है। दरअसल शुक्रवार एवं शनिवार की दरम्यानी रात 01 बजे वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर के डीएफओ डॉ एए अंसारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में रिजर्व के गेम परिक्षेत्र सर्रा अंतर्गत विस्थापित ग्राम दुधिया के पुराने खेल ग्राउंड में वन स्टाफ द्वारा गस्ती के दौरान एक स्कार्पियो गाड़ी जिसका नंबर एचआर 06 क्यू 1110 है, जिसमें सागौन की सिल्लियां रखी हुई थी जिसे जप्त किया गया। गाड़ी में 0.153 घनमीटर सागौन की लकड़ी जिसके कोई वैध कागजात वाहन मालिक रत्नेश यादव निवासी भूरी बिजौरी थाना दमोह के पास नहीं पाए गए। इसके अलावा रतनेश का साथी कलू यादव को भी पकड़ा गया है जिनके उपर वन्य जीव अधिनियम एवं भारतीय वन अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण 5447।12 दिनांक 06 दिसम्बर 2025 दर्ज किया गया है।

### वन विभाग भी कार्रवाई में लगातार सक्रिय

वहीं टाइगर रिजर्व में बाघों और अन्य जानवरों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग भी सक्रिय हैं और लगातार रिजर्व के अंदर अपनी नजर बनाए हुए हैं। साथ ही दिन-रात टाइगर रिजर्व में गश्ती कर रहा है जहां माफियाओं को अपने मकसद में कामयाब नहीं होने दे रहे हैं। लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं टाइगर रिजर्व की हर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। जहां टाइगर रिजर्व के 6 रेंजों के वन परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा भी प्रतिदिन टाइगर रिजर्व में गश्ती ओर जानवरों पर सुरक्षा नजर बनाए हुए हैं।

टाइगर रिजर्व पहले नौरादेही अभ्यारण्य हुआ करता था जिसकी स्थापना 1975 में की गई थी टाइगर रिजर्व तीन जिले की सीमा में फैला हुआ है। इस में दमोह सागर व नरसिंहपुर जिला शामिल है। टाइगर में काफी पुरानी भारी भरकम वृक्ष लगे हुए हैं। जबकि काफी संख्या में ऐसे ही पेड़ों की कटाई हो चुकी है। स्थिति यह है कि कभी सागौन के लिए अपनी पहचान बनाने वाले इस टाइगर रिजर्व (नौरादेही अभ्यारण्य) में अब सागौन विलुप्त होने की कगार की ओर अग्रसर हो चला है। यहां पर लॉकडाउन के दौरान भी आए दिन सागौन की कटाई के मामले सामने आते रहे है लेकिन बीते ढाई तीन साल से टाइगर रिजर्व की कमान संभाल रहे डीएफओ डॉ एए अंसारी के आने के बाद टाइगर रिजर्व में विकास के नए नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। बाघों की संख्या सहित अन्य जानवरों का कुनबा भी तेजी से बढ़ रहा है और रिजर्व की सुरक्षा बढ़ाया गया है लगातार निगरानी मॉनिटरिंग की जा रही है।

### इनका कहना है

सर्रा प्रभारी रेंजर एलएन वर्मा ने बताया है कि स्कार्पियो में सागौन की सिल्लियां ले जाते समय पकड़ा गया है। जिसमें वाहन चालक और मालिक को एवं उसके साथ को गिरफतार किया है। जिसने पूछताछ की जा रही है।

# खाकी-खादी की सांठगांठ से सटोरिए काट रहे चांदी

### सिर चढ़कर बोल रहा अंक गणित का जादू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**

हटा नगर में खुले आम चल सट्टा पुलिस के लिए चुनौती या अपराध है कि नही, यह तो पुलिस ही जाने, लेकिन विगत लंबे समय से हटा नगर सहित आस-पास के गांव, सट्टे के मकड़ जाल में ग्रसित हो गया है। हाईटेक सट्टा कहीं मोबाइल के माध्यम से तो कहीं अन्य तरीकों से सट्टा खेल खुलेआम हो चुके हैं, हटा के प्रमुख बाजार, बस स्टेंड, खचना नाका, चंडी जी चौक, राय चौराहा, घुराघाट और अनेक चाय पान की दुकानों में प्रतिदिन हो रहा ओपन क्लोज का खुलेआम अपराध पुलिस को नही दिख रहा है।

हटा पुलिस के सहयोगी कार्य प्रणाली के कारण सटोरियों को किसी का डर नही रह गया है और पूरा हटा क्षेत्र सट्टा रूपी अपराध के मकड़ जाल में फंस गया है। पुलिस से सटोरियों को किसी प्रकार का भय नहीं होना, इस बात का प्रमाण है कि कही न कही सैटिंग है? क्योंकि खुले आम हो रहा सट्टे का कारोबार जो पुलिस को छोड़कर अन्य सभी को दिख रहा है, अनेक शंकाओं को जन्म देता है। हैरानी की बात तो है कि पहले यह खेल चोरी छुपे होता था, अब सट्टे का खेल खिलाने वालों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वह इस काम को खुलेआम अंजाम दे रहे हैं।

हालाकि यह भी सच है कि आमलोगों को सट्टा खिलाने वालो की जानकारी है, लेकिन हाईटेक और बेचारी हो चुकी पुलिस सटोरियों तक नहीं पहुंच पा रही है। हालांकि कुछ ही दिनों पूर्व हटा में पदस्थ हुए टीआई से नागरिकों को उम्मीद है कि उनके द्वारा नगर व क्षेत्र में पूरी तरह फैले सट्टे के कारोबार को रोके जाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जावेगी।

# बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा**

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एससी एसटी एवं ओबीसी द्वारा बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उपस्थित वक्ताओं द्वारा बाबा साहब द्वारा रचित संविधान के बारे में लोगों को जानकारी दी। उत्तम प्रसाद अहिरवार ने बताया कि बाबा साहब हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं उनके द्वारा लिखित संविधान हम सभी को अपने हक अधिकार दिलाता है। नौजवान युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संविधान को पढ़ना चाहिए। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में बहुत कुछ दिया है लेकिन हमारे लोगों को संवैधानिक जानकारी ना होने के कारण आज भी हम अपने हक अधिकार नहीं ले पा रहे हैं। इसलिए इस परिनिर्माण दिवस पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए की संगठित होकर अपने हक अधिकारों की लड़ाई को लड़ना है ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े हमारे समाज के लोगों को उनके हक अधिकार प्राप्त हो सके इस अवसर पर ब्रह्मदास अहिरवार, रेवाराम बौद्ध,सुन्दर नेता, नीलेश यादव,राम सीग, संतोष सभापति, प्रदीप, बबलू अहिरवार, प्रमोद, राजेंद्र, कोमल, नरवद, स्वारत, रामदास, कालूराम, विनोद अहिरवार,छिग्गो,सूरज, हल्ले अहिरवार,लखन सहित वड़ी संख्या अन्य लोग उपस्थित थे।

# सांई रोटी कपड़ा बैंक की विनम्र पुकार - ठंड में गर्म कपड़े भी दें, हर उपयोगी सामग्री का स्वागत

**पन्ना।**

18 जुलाई 2015 से सतत मानव सेवा में रत संस्था 'सांई रोटी कपड़ा बैंक' के संयोजक विनोद गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि ठंड के मौसम में गर्म कपड़ों सहित हर प्रकार की उपयोगी सामग्री-साड़ी, चद्दर, कंबल, जूते-चप्पल, बर्तन, खिलौने, फर्नीचर, चूड़ी-कंगन, चश्मा आदिकृदान कर जरूरतमंदों की सहायता करें। संस्था केवल वस्तु रूप में दान स्वीकार करती है; किसी भी प्रकार का नगद सहयोग नहीं लिया जाता। संस्था की विशेषता यह है कि आने वाली सभी सामग्री पूर्ण पारदर्शिता के साथ तुरंत बाहर रख दी जाती है, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति बिना संकोच अपने आकार और आवश्यकता के अनुसार वस्तुएँ लेकर जा सके। संस्था में अब कोई सामान अंदर जमा कर नहीं रखा जाता। विनोद गुप्ता ने लोगों से यह भी आग्रह किया कि सेवा केवल संस्था तक सामग्री पहुँचाने से सीमित नहीं है। कोई व्यक्ति चाहे देवेंद्रनगर में रहता हो या हजारों किलोमीटर दूरकृअपने घरों की उपयोग योग्य पर अनुपयोगी सामग्री को फेंकने, जलाने या 5.10 में बेचने के बजाय, किसी गरीब को दे दे, यही सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि कई बार लोग अच्छे कपड़े, चादरें, स्टील की चीजें या घरेलू वस्तुएँ बहुत कम दाम में बेच देते हैं, जबकि वही सामग्री किसी जरूरतमंद के जीवन में राहत बन सकती है। "बेचने के छोटे-छोटे लालच से ऊपर उठकर सामग्री गरीब तक पहुँचना ही सच्ची सेवा है।" संयोजक ने बताया कि संस्था से जुड़ने का सबसे सरल तरीका हैकृयहाँ से सामग्री उठाकर अपने क्षेत्र के जरूरतमंदों तक पहुँचा देना या किसी असहाय व्यक्ति को संस्था तक पहुँचा देना।

### श्रीमद्भागवत 18 महापुराण कथा की कलश यात्रा में शामिल हुए ध्रुव सिंह लोधी एवं धर्मपत्नी संध्या लोधी

**पन्ना।** रैपुरा क्षेत्र स्थित श्री हनुमान जी महाराज चमत्कार धाम चमरैया में आयोजित श्रीमद् भागवत 18 महापुराण कथा के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में पन्ना जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय लोधी महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, समाजसेवी धुरव सिंह लोधी (एडवोकेट) तथा उनकी धर्मपत्नी संध्या लोधी ने शामिल होकर धार्मिक कार्यक्रम का पुण्य लाभ प्राप्त किया। ध्रुव सिंह लोधी ने बताया कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों में सम्मिलित होकर मन को शांति एवं ऊर्जा मिलती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जय श्री राधे कृष्णा आप सभी का आशीर्वाद व स्नेह सदैव बना रहे। आप सभी क्षेत्रवासियों का हृदय से धन्यवाद।

# गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा**



भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (**CONCOR**) की निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (**CSR**) योजना के अंतर्गत प्रगत सामाजिक विकास संस्था द्वारा पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 06 दिसंबर से 10 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ शनिवार को जबेरा ग्राम पंचायत भवन में किया गया और यह कार्यक्रम 10 दिसम्बर को संपन्न होगा। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य गर्भवती महिलाओं तथा पाँच वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण की रोकथाम के लिए जाग्रत करना है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सरपंच शिवलाल धुर्वे, जिला उपाध्यक्ष सुमन उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, जिला मंत्री रानू नामदेव, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, पत्रकार नारायण शर्मा, मयंक जैन, संदीप दुबे,श्रीमती दीपा कोरी आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, श्रीमती मीना ठाकुर महिला मोर्चा अध्यक्ष सहित 06 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगत सामाजिक विकास संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती रितु नरूला ने की एवं संचालन ज्योति सिंह बघेल, सविता पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 70 महिलाओं ने अपनी सहभागिता निभाई जिन्हें पोषण किट वितरित की गई। साथ ही विभिन्न स्वास्थ सम्बन्धी विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन व जानकारी प्रदान कर प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान महिला प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा जिससे उनकी कुपोषण से उत्पन्न संभावित विकारों की पहचान कर उनका समाधान किया जा सके। माताओं को स्वच्छता के महत्व एवं उसके दैनिक जीवन में प्रयोग के बारे में जानकारी दी जाना भी प्रशिक्षण में सम्मिलित है ताकि वे बच्चों में गंदगी से होने वाली बीमारियों को समझ सकें और उनसे बचाव हेतु सावधानी रख सके। साथ ही महिलाओं को पोषणयुक्त भोजन बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया दिया जा रहा है जिससे वे संतुलित आहार तैयार कर कुपोषण को मात दे सकें। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

# मध्यान्ह भोजन के लिए प्रदान बर्तनों का किया निरीक्षण



**जबेरा।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन एवं जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर,जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में शासन द्वारा मध्यान भोजन के लिए बर्तन खरीदने हेतु समूह बार स्कूलों में राशि पहुंचाई गई है जिसका निरीक्षण समय-समय पर अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को जबेरा जनपद सीईओ डॉक्टर रामेश्वर पटेल शासकीय कन्या माध्यमिक शाला जबेरा पहुंचे। जहां मध्यान्ह भोजन संचालित कर रहे महात्मा गांधी स्व.सहायता समूह जबेरा द्वारा शासन से प्राप्त 7000 रुपए की राशि से मध्यान्ह भोजन के बर्तन क्रय किए गए हैं। जिसका निरीक्षण करते हुए जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल द्वारा बर्तनों के गुणवत्ता की जांच करते हुए सहमति प्रदान कर वेरिफिकेशन किया गया। साथ ही उन्होंने मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया जिसमें मीनू अनुसार उपस्थित सभी 90 बच्चों को भोजन कराया गया। वही जनपद सीईओ श्री पटेल ने विद्यालय के व्यवस्थित पाए जाने पर स्टाफ की सराहना भी की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजेश राय शिक्षक राजेश जैन सुनील पाठकर जयंत सेन सहित महात्मा गांधी महिला स्व. सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।

# गाँव—गाँव घूमकर देखी बदलाव की बयार

### आदर्श सेवा समिति आगरा ने सराहा वाटर एड का स्वच्छता मॉडल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार**



आदर्श सेवा समिति आगरा की टीम ने दमोह जिले के कई ग्रामों का व्यापक भ्रमण कर ग्रामीण जल एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं की नजदीकी पड़ताल की। टीम का उद्देश्य समुदाय आधारित योजनाओं, रिकॉर्ड प्रबंधन, पानी—स्वच्छता गतिविधियों और स्थानीय सहभागिता के मॉडल को समझना था। भ्रमण की शुरुआत ग्राम रियाना से की गई, जहाँ आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों व गर्भवती माताओं को मिलने वाली सेवाओं का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान सरपंच दर्शन सिंह और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना वंशवर्ती से विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद टीम ग्राम जुझार पहुँची। यहाँ वाटर एड और समुदाय के सहयोग से किए गए शौचालय निर्माण, ग्रे-वॉटर प्रबंधन और जल-संबंधित विकास गतिविधियों को देखा गया। टीम ने इन प्रयासों को ग्रामीण स्तर पर टिकाऊ विकास का मजबूत मॉडल बताया। ग्राम चौपाल में ग्राम जल स्वच्छता समिति एवं ग्रामीणों के साथ बैठक हुई, जिसमें पानी और वॉश (WASH) से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति की जिम्मेदारियों, ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस की व्यवस्था पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। पंप ऑपरेटर ने जल कर संग्रहण और उसके रिकॉर्ड संधारण की प्रक्रिया साझा की। महिलाओं से बातचीत कर पानी की गुणवत्ता जांच के तरीकों को भी समझा गया। वाटर एड के दस्तावेजों की समीक्षा कर टीम ने रिकॉर्ड प्रबंधन को सराहनीय बताया। इसी क्रम में पठारी टोला की पाइपलाइन और जल आपूर्ति प्रणाली का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान कड़ोरी सेन, हेमेंद्र असाटी, राजन, लटोरी सिंह, नीरज महोबिया, नीतेश सिंह, राजेश सिंह, मुड़ारी सरपंच प्रतिनिधि मुकेश सिंह लोधी, वेजंयती लोधी, तथा वाटर एड के जिला समन्वयक विमल विश्वकर्मा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आशीष ठाकुर, ईश्वरचंद, हेमेंद सिंह चंदेल, प्रतिभा चौरसिया सहित आदर्श सेवा समिति आगरा की पूरी टीम मौजूद रही।

# माघ पूर्णिमा पर रोहनिया धाम में चंडी मेले की गूंज



### देवश्री जागेश्वर नाथ महादेव की ससुराल में उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार**

बुंदेलखंड की पावन धरती पर स्थित रोहनिया धाम माघ पूर्णिमा के अवसर पर एक बार फिर अपनी सैकड़ों वर्षों पुरानी चंडी मेला परंपरा का साक्षी बना। प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिक दिव्यता और पौराणिक इतिहास का अनूठा संगम यह स्थल आज भी उतनी ही श्रद्धा के साथ जीवित है जितना सदियों पहले था। यहां माता पार्वती का मायका और देवश्री जागेश्वर नाथ महादेव की ससुराल मानकर भक्त बड़ी संख्या में मेले में पहुंचते हैं और आस्था की अनुभूति करते हैं

### 1844 से जुड़ी दिव्य कथा

बांदकपुर दर्शन नामक पुस्तक और स्थानीय मान्यताओं के अनुसार लगभग 180 वर्ष पूर्व बांदकपुर स्थित देवश्री जागेश्वर नाथ धाम में प्रतिष्ठा से पहले माता पार्वती की दिव्य प्रतिमा लगभग एक सप्ताह तक रोहनिया धाम में विराजित रही थी। आज भी वह चबूतरा विद्यमान है जहां प्रतिमा को विराम दिया गया था। इसी पवित्र स्मृति को संजोए रखने के लिए माघ पूर्णिमा पर चंडी मेला भरने की परंपरा निरंतर चली आ रही है। 80 वर्षीय माया सिंह लोधी बताते हैं कि माता की प्रतिमा जब यहां एक सप्ताह रही थी तब गांव में उत्सव जैसा वातावरण था और उसी स्मृति को जीवित रखने के लिए आज भी यह परंपरा जारी है

### अनंत गुफाओं का चमत्कार

रोहनिया धाम केवल धार्मिक स्थल नहीं बल्कि प्रकृति की अद्भुत कारीगरी का जीवंत उदाहरण है। त्रिलोचन पहाड़ी पर स्थित प्राकृतिक गुफा के बारे में श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यह मार्ग खड़ेरा सिद्धेश्वर धाम तक जाता है। वहीं पाताल भैरवी और हनुमान स्थल के समीप स्थित दूसरी गुफा को अंतहीन माना जाता है जो इस स्थान की रहस्यमयता को और अधिक गहरा कर देती है।

### अलौकिक आस्था का केंद्र

सरोवर के किनारे स्थित पाताल भैरवी और संकटमोचन हनुमान जी की भव्य प्रतिमा यहां की प्रमुख आध्यात्मिक धरोहर है। श्रद्धालु मानते हैं कि हनुमान जी का एक पैर धरती पर और दूसरा पाताल में समाया हुआ है जो इस धाम की अलौकिकता का प्रमाण है। वहीं त्रिलोचन पहाड़ी पर सिद्धेश्वर भगवान का रमणीय स्थान भक्तों को आकर्षित करता है और साधकों को ध्यान साधना का अनूठा वातावरण प्रदान करता है

### पुरातन देवालयों का खजाना — अद्वितीय ऐतिहासिक धरोहर

प्राचीन धर्मशाला के जीर्णोद्धार के बाद यहां भगवान शिव का दिव्य शिवलिंग माता पार्वती श्रीराम माता सीता और अन्य देवस्थानों की मनोहारी प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। छितराखेड़ा से लाई गई अनेक प्राचीन और ऐतिहासिक मूर्तियां यहां संरक्षित हैं जो रोहनिया धाम की ऐतिहासिक गरिमा और आध्यात्मिक विरासत को और भी गहरा बनाती हैं।

### आस्था का अनवरत प्रवाह

माघ पूर्णिमा पर लगने वाला चंडी मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि रोहनिया धाम की आत्मा और सदियों पुरानी परंपरा का उत्सव है। दर्जनों गांवों से पहुंचे श्रद्धालु देवस्थानों के दर्शन करते हैं सरोवर और पहाड़ी के सौंदर्य का आनंद लेते हैं गुफाओं की रहस्यमयता से रूबरू होते हैं और भक्ति भाव में डूबकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करते हैं। यह मेला उस स्मृति को जीवंत करता है जब माता पार्वती ने इस धाम की पावन धरती पर विश्राम किया था

### रोहनिया धाम- प्रकृति का पवित्र संगम

त्रिलोचन पहाड़ी का सौंदर्य पाताल भैरवी की अलौकिकता हनुमान जी का दिव्य स्वरूप पुरातन मूर्तियों का इतिहास और जागेश्वर नाथ महादेव से जुड़ी पौराणिक परंपरा रोहनिया धाम को बुंदेलखंड का जीवित आध्यात्मिक रत्न बनाते हैं। माघ पूर्णिमा का चंडी मेला इस दिव्य धाम की अजर-अमर परंपरा अनंत आस्था और आध्यात्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक है जिसे हर वर्ष श्रद्धालु श्रद्धा के साथ अपने हृदय में संजोकर ले जाते हैं

## खास बातें

### प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार का आगमन 9 दिसंबर को

**दमोह।** प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार 9 दिसंबर, मंगलवार को शाम 5:30 बजे दमोह पहुंचेंगे एवं वे विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा रात्रि विश्राम दमोह सर्किट हाउस में करेंगे। आप 10 दिसंबर, बुधवार को सुबह 10 बजे सर्किट हाउस में जन सामान्य से भेंट करेंगे। इसके बाद वे निर्धारित स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता निभाएंगे। आप अपरान्ह 3 बजे दमोह से व्हाया सागर होते हुए भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा का आगमन आज

**दमोह।** जिला कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष बसंत कुशवाहा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों मंडलम सेक्टर मोर्चा संगठनों प्रकोष्ठो विभागो के पदाधिकारियों से अनुरोध किया है दिनांक 7 दिसंबर 2025 को सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा का दमोह आगमन हो रहा है सर्किट हाउस सुबह 10 बजे से जिले के कांग्रेसजनों से सौजन्य मुलाकात करेंगे।

### परिनिर्माण दिवस पर बाबा साहेब को नमन किया

**दमोह।** श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ जिला शाखा दमोह द्वारा ग्राम रनेह तह हटा में सविधान निर्माता बाबा साहेब डां भीमराव अम्वेडकर जी की प्रतिमा पर ग्रामवासियों ने बाबा साहेव को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर देवेन्द्रा चौधरी, मोतीलाल अहिरवार जनपद सदस्य रनेह, सुरेश अहिरवार, राजा अहिरवार, शोभारामू अठया, प्रमोद अहिरवार, पूरनलाल अहिरवार, हरिदास अहिरवार, पंचू, प्रीति, सोनिया अहिरवार सहित अनेको लोगों की उपस्थिति रही।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शालाओं में हुये कार्यक्रम

**दमोह।** कलेक्टर दमोह श्री सुधीर कोचर के निर्देशन में जिला कार्यक्रम अधिकारी जयवंत सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में बटियागढ़ विकासखंड के हाई स्कुल बकायन एवं फुटेरा कलां के हायरसेकण्ड्री स्कूल में इस 100 दिवसीय अभियान के तहत शालाओं के बच्चों के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग एवं ममता एचआईएमसी संस्था के सहयोग से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर विस्तार से चर्चा की गई तथा इस कानून के बारे में प्रश्नोतरी रखी गई जिसके माध्यम से बच्चों में कानून के प्रति जागरूकता आई। कार्यक्रम के अंत में समस्त स्टाफ एवं बच्चों द्वारा बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण की गई । कार्यक्रम में संजीव मिश्रा एवं ममता संस्था से जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन, प्राचार्य हाई स्कुल बकायन वीरेंद्र श्रीवास्तव प्राचार्य हायरसेकण्ड्री स्कूल फुटेरा कला श्रीमति स्वेता जैन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### खेत में सिंचाई के लिए पानी चलाने पर हुआ था विवाद, गाली देने पर कर दी हत्या

# अंधे हत्याकांड का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

जबेरा थाना अंतर्गत समीपस्त ग्राम पुरनयाऊ में विगत 15 नवंबर 2025 को एक अंधा हत्याकांड हुआ था जिसमें एक किसान का शव खेत की झोपड़ी में पड़ा हुआ मिला था जिसकी जबेरा पुलिस के द्वारा लगातार जांच की जा रही थी। यह हत्याकांड पुलिस के लिए एक चुनौती पूर्ण कार्य था। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन में तथा एसडीओपी देवी सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के द्वारा टीम गठित की गई थी। लगातार साइबर सेल व पुलिस टीम की मदद से घटित अंधे हत्याकांड का बारीकी से जांच करते हुए संदिग्ध को दस्तयाब कर घटना के संबंध में गहन पूछताछ की गई। यह हत्याकांड थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान को बहुत चुनौती पूर्ण था जिसमें कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने घटना की संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी रवि उर्फ चुन्नू रैकवार निवासी देवतरा पुरनयाऊ को दस्तयाब कर गहन पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि 14 नवंबर की शाम 5 बजे बेनी कड़ेरे से खेत में सिंचाई के लिए पानी चलाने पर विवादहुआ था। रात्रि के करीब 10:30 बजे जब आरोपी अपने खेत जा रहा था तभी बेनी कड़ेरे के द्वारा टपरिया के पास आरोपी के साथ अनावश्यक गाली-गलौज की गई जिस पर रवि उर्फ चुन्नू रैकवार ने गुस्सा में आकर के अपने हाथ में लिए हुए लोहे की हंसीये से बेनी कड़ेरे की गर्दन पर बार कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त हसिया तालाब के किनारे छुपा देना स्वीकार किया। आरोपी रवि उर्फ चुन्नू रैकवार को विधिवत गिरफ्तार कर 6 दिसंबर को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ,चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गणेश, दुबे प्रधान आरक्षक देवेंद्र रैकवार, सतीश नामदेव, आरक्षक विवेक कटारे ,वीरेंद्र वाडेकर व साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर मार्ग पर झरौली पुल के समीप हुए हादसे में घायल युवक की जबलपुर में इलाज के दौरान मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को तेन्दूखेड़ा निवासी अनुज पिता पवन केवट उम्र 18 वर्ष और यशराज पिता बृजेश यादव उम्र 17 जो कि अपनी बाइक से नरगुवा की तरफ जा रहे थे। उसी समय झरौली पुल के पास तेज रफ्तार डीजल पेट्रोल से भरे ट्रैकर ने अपनी चपेट में लेते हुए टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए थे जिसमें अनुज केवट को गंभीर चोटे आने के चलते डॉक्टरो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। वहीं यशराज यादव को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इस हादसे में जबलपुर में इलाज के दौरान अनुज पिता पवन केवट ने शुक्रवार की देर रात को दमतोड़ दिया और डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जहां शनिवार को युवक का पोस्टमार्टम कराया दोपहर 12 बजे युवक का शव तेंदूखेड़ा लाया गया। जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। वहीं इस घटना ने नगरवासियों को झकझोर कर रख दिया और दिनभर नगर में चर्चाएं होती रही। वहीं अगर युवक हेलमेट पहने होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी क्योंकि हादसे में उसके सिर में गंभीर चोटे आई थी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही।

## एम्स भोपाल में आयोजित रेटीना 8.0 में चेस विजेता बनी दमोह की अभिनंदनी जैन



**दमोह।** एम्स भोपाल में आयोजित रेटीना 8.0 वार्षिक कार्यक्रम जिसमें प्रदेश के शासकीय और प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के पांच हजार से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। आर के डी एफ मेडिकल कॉलेज में एम बी बी एस में अध्ययन करने की दमोह की अभिनंदनी जैन चेस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में विजेता बनी, विजेता बनने पर प्रमाण पत्र सहित नगद राशि से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर आर के डी एफ मेडिकल कॉलेज के डीन और प्रोफसर ने शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके पहले अभिनंदनी जैन केंद्रीय विद्यालय से नेशनल स्तर की प्रतियोगिता में शामिल रही हैं।

### आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील, कल से भरे जायेंगे नामांकन

## जिला पंचायत सदस्य सहित पंच व सरपंच पद के लिये उपनिर्वाचन का कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया हैं। निर्वाचन की घोषणा होने के साथ ही विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु संबंधित ग्राम पंचायत/निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड के क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई हैं। जो निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि तक प्रभावशील रहेगी। इस सबंध में उप-जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कहा आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 08 दिसम्बर 2025 से नाम निर्देशन पत्र संबंधित विकासखण्ड के रिक्त पंच एवं सरपंच हेतु तहसीलदार एवं रिटर्निंग आफीसर द्वारा लिये जायेगें। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-10 कुम्हारी के नाम निर्देशन रानी दुर्गावती संयुक्त कार्यालय भवन दमोह के कक्ष क्रमांक-43 में कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफीसर द्वारा प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक लिये जायेगें। इसी प्रकार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2025 नियत हैं। संवीक्षा 16 दिसम्बर 2025 को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापिस लेने की तिथि 18 दिसम्बर 2025 नियत हैं। मतदान 29 दिसम्बर 2025 को संबंधित मतदान केन्द्रों पर प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक सम्पन्न होगा। जिले के रिक्त सरपंच पद विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान एवं विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोराकला का निर्वाचन ई.व्ही.एम से सम्पन्न होगा। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-10 कुम्हारी का निर्वाचन इंट्रीग्रेट पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (पेपर लेस) प्रक्रिया से ई.व्ही.एम के द्वारा सम्पन्न होगा।



### एसडीएम, तहसीलदार और मास्टर ट्रेनर ने माना स्थल उपयुक्त, पहुँच मार्ग में सुधार के निर्देश

**दमोह।** कुम्हारी जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद के पेपरलेस चुनाव के लिए आईटीआई पटेरा को सामग्री वितरण एवं जमा स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है। इसी संदर्भ में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और एडीएम मीना मसराम द्वारा भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के तत्काल बाद निरीक्षण के निर्देश जारी किये गये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम हटा राकेश मरकाम, तहसीलदार पटेरा उमेश तिवारी तथा मास्टर ट्रेनर मुकेश गुजरे भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्थल को चुनावी कार्य हेतु उपयुक्त पाया, हालांकि पहुँच मार्ग में कुछ समस्या दर्ज की गई। कलेक्टर श्री कोचर के निर्देश पर मार्ग की दिक्कतों को तत्काल दूर करने के लिए सीएमओ पटेरा को आवश्यक कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं, ताकि आगामी पेपरलेस चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

### 30 किमी मार्ग पर बने 'ब्लैक स्पॉट' बने मौत के कुंए, प्रशासन की उदासीनता पर उठे सवाल...


## जबलपुर–सागर मार्ग व तेंदूखेड़ा क्षेत्र में बढ़ते सड़क हादसों ने बढ़ाई आमजन की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

क्षेत्र में सड़क सुरक्षा व्यवस्था की लगातार उपेक्षा ने जनजीवन को संकट में डाल दिया है। महज 30 किलोमीटर के दायरे में प्रतिदिन सड़क हादसों की बढ़ती संख्या ने पूरे नगर को दहला कर रख दिया है। जबलपुर मार्ग पर नरगुँवा का घाट, झरौली पुल के पास, माहुला पुल क्षेत्र, पंडा बाबा के पास, 27 मील पर बने टावर के समीप, तथा सागर मार्ग पर बम्हौरी घाट, नागबाबा के पास, बगदरी और तिपनी के पास लगातार दुर्घटनाएँ सामने आ रही हैं। चिंताजनक तथ्य यह है कि इन प्रमुख स्थानों पर न तो संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं और न ही प्रशासन की ओर से कोई सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। थाना क्षेत्र के पाटन–तेंदूखेड़ा मार्ग पर शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे झरौली पुल के पास एक अंधे मोड़ पर डीजल-पेट्रोल से भरे टैंकर ने सामने से आ रहे बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया गया, जहाँ से एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हादसे में अनुज पिता पवन केवट (18 वर्ष) तथा यश पिता बृजेश यादव (17 वर्ष) घायल हुए हैं। इनमें अनुज केवट की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया था जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पूर्व में इन मार्गों के स्थानो को 'ब्लैक स्पॉट' घोषित करते हुए भोपाल से इंजीनियरों की टीम निरीक्षण हेतु पहुँची थी, किंतु उसके बाद भी जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दी। बड़े हादसों के समय शासन की ओर से तुरंत औपचारिकताएँ पूरी कर दी जाती हैं, किंतु दुर्घटनाओं को रोकने हेतु स्थायी समाधान आज भी अधर में हैं। तेजगढ़ से पाटन सीमा तक, तेंदूखेड़ा–झलौन मार्ग और तेंदूखेड़ा–तारादेही मार्ग पर भी कई खतरनाक मोड़ व ब्लैक स्पॉट मौजूद हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से लगातार दुर्घटनाएँ होने के बाद भी संबंधित विभाग केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित है। न सड़क चौड़ीकरण की पहल हो रही है, न संकेतक, रिफ्लेक्टर या सुरक्षा अवरोधक लगाए गए हैं। इधर पुलिस की वाहन चेकिंग व सुरक्षा अभियान भी केवल खानापूर्ति बनकर रह गए हैं। नशे में वाहन चलाने वाले खुलेआम सड़क पर दौड़ रहे हैं, जिससे सुरक्षित व धीमी गति से चलने वाले वाहन भी उनकी चपेट में आ रहे हैं। स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि आखिर प्रशासन कर क्या रहा है? कब इन हादसों पर रोक लगेगी? कब जनता सुरक्षित महसूस करेगी? क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सभी ब्लैक स्पॉट पर तत्काल संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, डिवाइडर, सुरक्षा रेलिंग और पुलिस की नियमित गश्त की व्यवस्था की जाए। साथ ही नशे में वाहन चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई, ब्लैक स्पॉट का पुनः निरीक्षण और सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की आवश्यकता बताई है। इनका कहना है इस संबंध में पुलिस के एसडीओपी डी एस ठाकुर का कहना है कि पूर्व में भोपाल की टीम के द्वारा ऐसे ब्लैक स्पॉटों का परीक्षण किया गया था इस समस्या के समाधान के लिए में उच्च अधिकारियों से बात करता हूं।



## बिल्लू वाधवा बने जनपरिषद के अध्यक्ष और प्रांतीय उपाध्यक्ष



**दमोह।** अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री एन के त्रिपाठी ने , संस्था के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव की अनुशंसा पर पूर्व स्टूडेंट लीडर एवं जन परिषद के संगठक श्री जगजीत सिंह एस एल वाधवा ( बिल्लू वाधवा ) को दमोह चैप्टर का अध्यक्ष एवं जन परिषद का प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है । जन परिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव एवं बिल्लू वाधवा के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है।संस्था पर्यावरण पर ग्यारह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है । अगली कॉन्फ्रेंस बैंकॉक और मलेशिया में होगी । संस्था के इस समय पूरे देश में 300 से अधिक एवम् विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है ।

## ट्रैक्टर से गिरने से युवक घायल जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को नगर के वार्ड क्रमांक 11 में एक युवक ट्रैक्टर से गिरने से घायल हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है जहां युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी विशाल पिता बृजेश कौल उम्र 17 वर्ष निवासी तेंदूखेड़ा है जो अपने घर के सामने खाली जगह में ट्रैक्टर चलाना सीख रहा था लेकिन अचानक ट्रैक्टर की स्पीड तेज हो गई। युवक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और घायल हो गया। परिजन और घर के पास रहने वाले पड़ोसी लोग युवक को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से युवक को हाथ पैर में फैक्टर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जहां परिजन प्राइवेट वाहन से जबलपुर ले गए मामले की जांच की जा रही है।

## किसानों को प्राप्त नहीं हो रही भावांतर की राशि

**गैसाबाद।** किसानों ने अपनी सोयाबीन की फसल भावांतर की राशि का लाभ प्राप्त करने हेतु अपना अनाज कृषि उपज मंडी में लंबी लंबी लाइन में लगकर सरकारी रेट पर बेचा था ताकि उन्हें कुछ लाभ प्राप्त हो सके लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के किसान एक माह से अपनी भावांतर की राशि प्राप्त करने के लिए दर-दर भटक रहे हैं उन्हें राशि प्राप्त नहीं हो रही हैं। यहां पर यह बताना जरूरी है कि किसानों को माडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि मिलती है, जिसे आप इस तरह से समझ सकते हैं मानलीजिए आज का माडल रेट 4255 है तो 5356 मे से मायनस राशि 1101 प्रति कुंटल मिलती है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को आज दिनांक तक भावांतर की राशि प्राप्त नहीं हुई है। जिससे किसान परेशान हो रहे हैं ग्राम मोहरई के कृषक श्यामाचरण पटेरिया ने हरिभूमि को बताया कि किसानों को भावांतर की राशि नहीं मिलने से किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं श्यामा चरण पटेरिया के बताएं अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को भावांतर की राशि प्राप्त नहीं हो रही है। किसानों ने शीघ्र ही भावांतर की राशि प्रदान किए जाने की मांग की है। गौरतलब है की विगत माह कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हटा कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण किया गया था जिसमें ओवर स्टॉक एवं अन्य अनियमितताएं उजागर हुई थी जिसमें कार्यवाही के दौरान मंडी सचिव को सस्पेंड एवं तीन स्थानीय व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त कर कार्यवाही की गई थी तब से लेकर आज तक कृषि उपज मंडी की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है जिससे किसानों को आसुविधा हो रही है।

## अवैध खनन परिवहन में डंपर और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**दमोह।** जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में यह अभियान तेजी से जारी है। इसी क्रम में 6 दिसंबर को तहसील पथरिया के अंतर्गत नरसिंहगढ़ क्षेत्र में सुबह 6 बजे से खनिज विभाग की टीम ने औचक जांच की। जिला खनिज अधिकारी ने बताया जांच के दौरान गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए एक डंपर तथा बिल्डर और मुरम के परिवहन में लिप्त एक-एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। सभी वाहनों को मौके पर ही जब्त कर खड़ा किया गया है। उन्होने कहा इन वाहनों पर गौण खनिज नियमों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ यह कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## श्रुति सम्यक के आदि स्रोत हैं महादेव- श्री भगवान वेदांताचार्य



**दमोह।** नव दिवसीय शिव कथा के प्रारंभिक चरण में शतरुद्र संहिता के अंतर्गत शिव तत्व का निरूपण करते हुए श्री भगवान वेदांताचार्य जी ने कहा कि पंच महाभूतो के स्वरूप में शिव ही सृष्टि कर्ता से लेकर संहार तक विद्यमान है जीवन का सत्य शिव है जिसमें वह अपनी लीला माधुर्य से शिव भक्तों को काशी में दिव्यानुभूति कराते है। उनकी कृपानुभूति एक साधना पक्ष की दृढ़ता में छुपी है। जन मानस को चाहिए कि काशीपुरी में आध्यात्मिक चेतना के लिए निवास करे शिव को अपने जीवन के प्रत्येक स्थिति में समाहित कर सुख दुख का साथी बना ले बस उस का कल्याण होने में देर नहीं लगेगी। कथा से व्यथा मिटती है साथ ही संबल मिलता है जो सबको आत्मबल देता है इस कथा की विविध योजनाओं में जहां अनुष्ठान की महिमा गाई जा रही अभी यज्ञ के प्रभाव से लोग नित नई ऊर्जा शक्ति को बढ़ाने में लगे है फलाहारी बाबा ट्रस्ट एवं महामंगल सेवा समिति द्वारा शिव चरित्र के आदर्श को स्थापित किया जा रहा है निःशुल्क कम्बल और साल वितरण किए जा रहे है जिसमें काशी वासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लेना प्रारंभ कर दिया है एक अलौकिक वातावरण में अनूठी शैली से दार्शनिक विचारों में इंकित होता नजर आया कि शिवत्व के लिए जन मानस में अनोखा समर्पण है। योगिराज 1008 महंत श्री राम करण दास जी महाराज कथा के मुख्य श्रोता विनोद कुमार दुबे, पुरषोत्तम जालान, मीडिया प्रभारी कमलेश केशरी, आनंद अग्रवाल सहित मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।

# होमगार्ड के जवानों ने विभिन्न क्षेत्रों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन-कलेक्टर

### होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ली परेड की सलामी, प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों ने पिछले एक-डेढ़ वर्ष में बेहतरीन कार्यों का प्रदर्शन किया है। चाहे बाढ़ राहत हो, गर्भवती महिलाओं का रेस्क्यू हो, या फिर किसी की जान बचानी हो, किसी संकट में साथ देना हो या फिर देवी विसर्जन और गणेश जी का विसर्जन हो, हर जगह इन्होंने बेहतरीन कार्य किया है। मैं इन सबको बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाए देता हूँ। इस आशय की बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने होमगार्ड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह में परेड की सलामी उपरांत कही। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा होमगार्ड सैनिकों ने एक शानदार परेड का आयोजन किया है। उन्होंने एसडीआरएफ के द्वारा जो कार्य किए जाते हैं, उनके जो उपकरण हैं, जो कार्य हैं, उन सबका भी अवलोकन किया ।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज सभी होमगार्ड के सैनिकों, नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों, सभी आपदा मित्रों और सभी को मैं बधाई और शुभकामनाएँ देते हुये कहा इसी प्रकार से नागरिक सुरक्षा और देश की सेवा में, समाज की सेवा में लगातार काम करते रहें।

कलेक्टर ने होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा बल के इस समर्पण, तत्परता और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रशंसा करते हुए कहा जिले के विद्यालयों और महाविद्यालयों में आपदा जागरूकता शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को सुरक्षा उपायों की जानकारी देना अत्यंत सराहनीय पहल है। प्लाटून कमांडर हर्ष कुमार जैन ने कहा 79 वॉ स्थापना दिवस के अवसर पर परेड का आयोजन किया है जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने विभाग के सैनिको, मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, आपदा मित्रो की सराहना की। एसडीईआरएफ टीम का यह समोराह पूरे जिलों में मनाया जा रहा है, राज्य- स्तरीय समारोह राज्य में हो रहा है। इस समारोह में कलेक्टर श्री कोचर ने सराहना की।

#### कलेक्टर ने किया प्रर्दशनी का अवलोकन

एसडीईआरएफ की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित आधुनिक उपकरणों, बचाव सामग्री और महत्वपूर्ण संसाधनों की प्रदर्शनी लगाई गई। कलेक्टर श्री कोचर ने प्लाटून कमांडर प्राची दुबे एवं जोगेश विश्वकर्मा के साथ प्रदर्शनी का विस्तृत निरीक्षण किया और उपयोगी संसाधनों के नियमित प्रशिक्षण एवं उपयोग के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

#### प्रतिभाओं का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान होमगार्ड परिवार के मेधावी छात्रों, NCC कैडेट्स और नागरिक सुरक्षा बल के सदस्यों को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आलोक सोनवलकर ने किया।